## एक नजर में

### युवाओं ओर बच्चों को ग्रन्थ शास्त्र का स्वाध्याय करना चाहिए



**सोनकच्छ।** जिस प्रकार मां अपने बच्चे की पहली गुरु होती हे उसी प्रकार जैन धर्म में मां जिनवाणी ( आगम ग्रन्थ ) का प्रमुख स्थान है ।समुद्र की गहराई को मापा जा सकता लेकिन मां के ममत्व को नहीं मापा जा सकता है। मां ममता की मूरत होती हैं। लेकिन ग्रस्त जीवन में मां स्वार्थी होती हैं और जिनधर्म की मां जिनवाणी निस्वार्थी होती है।ग्रस्त जीवन मां अपने काम काज निपटाने के लिए उसे थपकार के सुला देती है उसी के विपरीत मां जिनवाणी निस्वार्थ भाव से सोते हुए को जगा देती हे।इस लिए प्रतिदिन ज्यादा नहीं तो 24 घंटे दस मिनिट ग्रंथों शास्त्रों का स्वाध्याय करे यह बात स्थानीय श्री महावीर जिनालय में चल रहे आठ दिवसीय अष्टानिका पर्व के तीसरे दिन प्रतिष्ठाचार्य पंडित पवन दीवान सागर ने उपस्थित भक्तों से कही उन्होंन कहा कि आज युवाओं ओर बच्चों को स्वाध्याय ग्रन्थ को पढ़ने की रुचि को बढ़ाना होगा।क्योंकि ग्रन्थ शास्त्र या पुराण अपनी भारतीय संस्कृति पहचान हैं ।आप अपने जीवन में धर्म ग्रंथों को आत्मसात करोगे तो जीवन में घटित होने वाली अनेक बुराइयों से बच जाओगे। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि प्रवचन भैयाजी द्वारा श्री सिद्धचक्र विधान में आने वाले दोहे का वर्णन कर उनका अर्थ भी समझाया जा रहा है।इसी के साथ धर्म ज्ञान में वृद्धि के उद्देश्य से प्रश्नमंच के माध्यम से ग्रंथों के रचयिता,लेखक व संतो के नाम व पूजा में आने वाले छंद ,दोहे , सूक्तियां का अर्थ पूछा जा हे ।प्रतिदिन रात्रि में 8.30 धर्म सभा में महिला पुरुष वो बच्चे धर्म लाभ ले रहे हे रविवार होने से पाठशाला के बच्चों द्वारा भगवान के अभिषेक वो पूजा की गई।

### पियूषा आशापुरे को पीएच. डी. की उपाधि



**देवास।** श्रीमती पियूषा आशीष आशापुरे (सोनी) को शोध केन्द्र महाराजा शिक्षा महाविद्यालय, विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन द्वारा पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। श्रीमती पियूषा आशापुरे ने शिक्षा संकाय में डॉ. अनुराधा सुपेकर के निर्देशन में देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत मधुमेह से ग्रसित विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं उपलब्धि स्तर पर प्रभाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त की।पियूषा वर्तमान में पीएम श्री शा. क. उ. मा. वि. हाटपीपल्या में अध्यापिका के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। पियूषा की उपलब्धि पर प्रख्यात शिक्षाविद् इतिहासकार, पर्यावरणविद डॉ. रमेशचंद्र सोनी, श्रीमती अनिता आशापुरे, मधु सोनी, रोहित सोनी, शा.कन्या विद्यालय के प्राचार्य एन.पी.सिंह एवं समस्त विद्यालय ने बधाई दी।

### अटल फाउंडेशन ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई



**देवास।** मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती अटल आश्रम कार्यालय पर मनाई गई इस दौरान डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रजलन एवं माल्यार्पण गुरुदेव हरिप्रसाद मुकाती एवं कार सेवक केदार थुरवाल प्रेम नारायण जोनवाल ने किया इस दौरान सभी वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालाष्ट्र इस अवसर पर मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू, नरेंद्र वर्मा, निगम बारवाल, गजानन गवली, कचरू राठौर, मनोहर राठौर, गंगा बिसन राठौर, नारायण जोनवाल, जगदीश मुकाती, दिनेश थुरवाल, मांगी लाल टाटू, संतोष मुकाती, मुनीम छानवाल, द्वारका सीरा जेना कांवटिया, पवन पटेल बैडगांव सहित अनेक भाजपा एवं फाउंडेशन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हरणगांव मंडल अध्यक्ष बने अशोक सगोनया




**देवास।** मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन भाजपा समर्थित संगठन के हरण गांव मंडल के अध्यक्ष पद पर अशोक सगोनया को नियुक्त किया है। नियुक्ति मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू ने कि हैं नियुक्ति पर विधायक आशीष शर्मा अनोखी लाल चौहान सत्यनारायण जोशी घनश्याम पटेल राजेश जोशी सुनील कर्मा अरुण बडोनिया धर्मेंद्र जायसवाल लोकेंद्र राठौड मंगलेश बैरागी सुधीर सोमानी शोभा जोशी के के कुंडल हरि ओम ग्राम मोला हीरालाल गहलोत सुनील बावरा महेंद्र जाट दिलीप सोनी मनसुख मरमट अशोक यादव शिवराम चौहान लोकेश पवार सुरेश वर्मा चिंटू जोशी गोविंद जोशी आदि लोगों ने बधाई दी है।

### दृष्टिहीन बच्चों को भोजन करवाकर मिठाई वितरित की



**देवास।** दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में मोहर्रम पर्व पर दृष्टिहीन बच्चो को भोजन और मिठाई बाटी गई। कर्बला की लड़ाई में इमाम हुसैन ने इंसानियत को बचाया था, इसलिए मोहर्रम को इंसानियत का महीना माना जाता है।इमाम हुसैन की शहादत और कुर्बानी की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। इमाम हुसैन की शहादत की याद में मध्य प्रदेश दृष्टिहीन विद्यालय पर कार्यक्रम रखा गया। नईम एहमद ने बताया कि आज हमने भी एक कदम नेकी की तरफ बढ़ाकर अपना फर्ज निभाया और जो लोग दुनिया नहीं देख पाते है उनके साथ मोहर्रम पर्व मनाया। इस अवसर पर मोहम्मद अफजल खान प्रकाश, जाकिरउल्लाह शेख, ब्राइट स्टार स्कूल अध्यक्ष सैयद महेशर अली जुगनू, जाहिद खान पत्रकार, अंकित जैन, सरफराज अहमद सिद्दीकी, अब्दुल मलिक ठेकेदार, उबेद शेख, आदि उपस्थित थे।

### ब्लेक कोबरा प्रजाति की नागिन का रस्क्यू किया



**देवास।** 6 जुलाई को सहायक उपनिरीक्षक महेश चंद्रवंशी द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बड़ी माता मंदिर रेम्प के नीचे नागिन है, सूचना मिलने पर वन मंडल अधिकारी अमित सिंह चौहान के आदेश से एवं उपवन मंडल अधिकारी एस. के. शुक्ला व वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी एव रेस्क्यू प्रभारी हेमराज गोखले के निर्देशन में रेस्क्यू एक्सपर्ट राजेश चौहान, अंकित मंडलोई के द्वारा सर्प का रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया।

# नगर परिषद भवन को लेकर उठा विवाद

**निजी स्वार्थ के लिए अध्यक्ष पर लगाए आरोप**




**लोहारदा।** नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा अपने निजी हित में परिषद भवन अपने ही खेत में बनवाने की मंशा को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं।

पिछले दिनों आदिवासी समाज द्वारा किए गए आंदोलन में यह मुद्दा विपक्ष द्वारा प्रमुखता से उठाया गया, जिससे नगर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संध्या सुनील मालू ने स्थानीय विधायक मुरली भंवरा के साथ मुख्यमंत्री से भेंट कर नगर परिषद के नवीन भवन के लिए एक करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करवाई थी। परंतु सूत्रों के अनुसार यह बात सामने आ रही है कि अध्यक्ष प्रतिनिधि उक्त भवन को नगर से लगभग एक किलोमीटर दूर कृषि उपज मंडी के समीप अपने निजी खेत में बनवाना चाहते हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु उन्होंने अपने खेत की कुछ भूमि परिषद को दान देने की बात कही है, ताकि भवन निर्माण के साथ ही सड़क, पानी, नाली, स्ट्रीट लाइट जैसी सभी शासकीय सुविधाएं उस क्षेत्र तक पहुँचा सकें, जिससे उनकी भूमि की कीमत में भारी वृद्धि हो सके। इसके पीछे भविष्य में प्लॉटिंग कर मुनाफा कमाने की मंशा को लेकर भी चर्चाएं गरम हैं।

### विपक्ष ने उठाए सवाल

विपक्ष के साथ नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं बुद्धिजीवियों ने सवाल उठाए हैं कि जब नगर में कई स्थानों पर शासकीय भूमि उपलब्ध है, तब निजी भूमि पर भवन बनवाने की आवश्यकता क्यों? नगर परिषद का वर्तमान भवन नगर के मध्य में स्थित है, और उसके पास ही एक और भवन मौजूद है जहाँ परिषद का कार्य नवीन भवन पूर्ण होने तक संचालित किया जा सकता है।

### विरोध के सुर हुए तेज

विगत दिनों हुए आंदोलन में विपक्ष ने इस कथित निजी स्वार्थ के विरोध में आवाज उठाई। सूत्रों के अनुसार, यदि भवन उस निजी भूमि पर बनता है, तो परिषद भवन के नाम पर वहां की भूमि की कीमत बढ़ जाएगी और भविष्य में वहां महंगे प्लॉट काटे जाएंगे, जिससे अध्यक्ष प्रतिनिधि को निजी लाभ होगा।नगर में अब यह मुद्दा चर्चा का विषय बन गया है कि क्या जनहित के नाम पर निजी स्वार्थ साधा जा रहा है? लोगों का यह भी कहना है कि विकास के नाम पर यदि सार्वजनिक सुविधाओं का दुरुपयोग निजी संपत्ति को लाभ पहुँचाने के लिए किया जाएगा, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है।

### दूरदराज वार्डों के लिए बनेगी समस्या

नगर के दानी, हयडी जैसे वार्ड जो पहले से ही नगर से 2-3 किलोमीटर दूर स्थित हैं, उनके नागरिकों के लिए परिषद का नया भवन और दूर चले जाने से असुविधा और बढ़ेगी। खासकर महिलाओं एवं बुजुर्गों को एकांत में स्थित भवन तक पहुँचना चुनौतीपूर्ण होगा।

## शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक समारोह कार्यक्रम संपन्न



**देवास।** श्री छत्रपति शिवाजी महाराज का 351 व राज्याभिषेक समारोह देवास के नागरिकों की उपस्थिति में श्री मल्हार स्मृति मंदिर में संपन्न हुआ। पुणे के श्री शिवाजी महाराज पर उद्बोधन देने के लिए दो प्रसिद्ध विद्वान सारंग मांडके एवं सारंग बोहीरकर ने अपने 2 घंटे से अधिक के उद्बोधन में शिवाजी महाराज तथा उनके शूरवीर साथी योद्धाओं के विषय में अत्यंत ही सूक्ष्म रोचक रोमांच से भरी और दिल को छू लेने वाली घटनाओं का वर्णन अपने उद्बोधन में किया।

वर्तमान समय में एलईडी के माध्यम से आधुनिक दृश्य प्रसार माध्यम से प्राचीन नक्शे किले की स्थिति सेनाओ की छावनी तथा युद्ध भूमि की भौगोलिक स्थिति तथा सैन्य संचालन की मराठा तथा शत्रु सेना की विधि का भी अत्यंत रोचक ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। 2 घंटे तक चले इस उद्बोधन में पुणे के दोनों सारंग नाम के मित्रों ने खचाखच भरे हाल में ऐसा सामा बांधा की श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रोताओं को प्रवेश द्वार पर शिवाजी महाराज के किले रायगढ़ की मिट्टी तथा हल्दीघाटी की मिट्टी से तिलक किया गया। श्री शिव छत्रपति राज्याभिषेक समिति देवास की महिलाओं ने श्रोताओं को तिलक किया तथा स्वागत किया प्रमुख वक्ता सारंग मित्रों का स्वागत समस्त महिलाओ ने तथा अजीत भला, दीपक कर्पे, मनीष पारीक, कीर्ति चव्हाण ने किया। वक्ताओं का परिचय इतिहासकार एवं संस्थापक दिलीप सिंह जाधव ने दिया। कार्यक्रम का संचालन राधिका जाधव एवं पल्लवी जाधव ने किया तथा आभार समिति के सचिव कीर्ति चव्हाण ने माना।

## जूनियर रग्बी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देवास के खिलाड़ी शामिल, खिलाड़ियों का किया सम्मान



**देवास।** जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख, सचिव संदीप जाधव एवं सह सचिव सूरज वामनिया ने बताया कि जूनियर रग्बी राष्ट्रीय प्रतियोगिता बालिका टीम मै मध्य प्रदेश की टीम में देवास जिले के खिलाड़ी भी शामिल हैं। देहरादून उत्तराखंड में 07 से 09 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बालिका टीम में हरिप्रिया यादव, नैतिक चावड़ा शामिल है, वहीं जूनियर बालक 11 से 13 जुलाई 2025 तक देहरादून में ही देवास के मध्य प्रदेश टीम में कप्तान आकाश चौहान, निखिल पटेल, रोहित पटेल,सचिन योगी(आयुष), सुजल पटेल टीम मे अपना जलवा बिखेरेंगे। अतिथियों का स्वागत जिला रग्बी सहसचिव सूरज वामनिया, सुमित शर्मा, उदय भावसार, सुनील मालवीय, शैलेन्द्र चंद्रवंशी, देवराज सांगते, हर्षिता कौशल, भावना गुर्जर, विशाल यादव, हिमांशु शर्मा, ने किया।

पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला ओलम्पिक एसोसिएशन कोषाध्यक्ष विशाल शर्मा, पत्रकार अमिताभ शुक्ला, जिला समरसता मंच अध्यक्ष संजय शुक्ला, पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के सचिव अभय श्रीवास, वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद आलोक साहू, पत्रकार राहुल जैन, भाजपा कार्यकर्ता कपिल व्यास ने पुष्प माला पहनाकर ओर आशीर्वचन दे कर खिलाडियों का सम्मान किया। विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, जिला साइकिलिंग अध्यक्ष आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिषेक लाठी, उपाध्यक्ष गौरव कदम, जिला शतरंज सचिव पवन यादव, सैंडी एकेडमी कोषाध्यक्ष पावन पाटिल, सैंडी एकेडमी सदस्य अश्विनी जाधव, अपर्णा यादव, किरण राव, खुशबू पाटिल, युवराज सिंग, तन्मय मेहता, धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, विशाल सिंह, आलोक सिंह, ऋतिक मुकाती, ऋतुराज सिंह, हार्दिक मंडलोई, निखिल सिंह महर, आदि ने खिलाडियों को शुभकामनाएं दीं। संचालन संदीप जाधव ने किया ओर आभार सूरज वामनिया ने माना।

# पेट्रोल पंपों पर चल रही धांधली, 3 पंप की जांच

**सोशल मीडिया पर उठी आवाज, तो जागा खाद्य विभाग**



**देवास।** देवास शहर सहित जिले भर में संचालित होने वाले पेट्रोल पंप पर तमाम प्रकार की अनियमितता होती है। वहीं डीजल व पेट्रोल डलवाने वाले ग्राहकों को कम ईधन देकर लूटा भी जाता है। इस बात की शिकायत समय-समय पर सामने भी आती है, किंतु खाद्य विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही नहीं करने के कारण पेट्रोल पंप पर अनियमितता के साथ लूट का कारोबार लगातार जारी है। गत दिवस मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल वाहनों में रतलाम में एक पेट्रोल पंप से पानी मिला डीजल डाला गया था, जिससे दर्जन भर से अधिक वाहनों में खराबी आ गई थी। यह मामला अखबारों सुर्खियां बनने के बाद स्वयं मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर में पेट्रोल पंपों की जांच के आदेश दिये थे, किंतु मुख्यमंत्री के इस आदेश को भी खाद्य विभाग देवास द्वारा हवा में उड़ा दिया गया। इसी का परिणाम रहा कि देवास शहर सहित जिले भर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर नियमों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। किसी पर शौचालय नहीं है, तो किसी पर वाहनों में हवा डालने की मशीन स्थापित नहीं की गई है और जहां मशीन लगाई गई है, वे अक्सर खराब होने का बहना बनाकर बंद कर दी जाती है। शनिवार को सुबह जब ऐसा ही मामला सोशल मीडिया पर सुर्खियां बना तो कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मामले में संज्ञान लेते हुए खाद्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर का फरमान जारी होते ही जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार व सहायक आपूर्ति अधिकारी भानसिंह राय अपनी टीम के साथ मैदान में आ गए। दरअसल भोपाल रोड पर कलेक्टोरेट के समीप स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप नर्मदा फिलिंग स्टेशन पर स्थापित हवा डालने की मशीन बंद थी व मशीन खराब होने की सूचना चस्पा की गई थी। यह सूचना पिछले कई दिनों से लगी हुई है, किंतु पंप संचालक द्वारा मशीन की मरम्मत कराने की जहमत नहीं उठाई गई। इसी बात का सोशल मीडिया पर मय फोटो के मामला गरमाया और खाद्य विभाग की टीम ने आनन-फानन में जांच अभियान शुरु किया। हालांकि दोपहर में शुरु हुई जांच कार्यवाही शाम तक चली और मात्र तीन पेट्रोल पंप पर ही अधिकारियों की टीम पहुंच पाई। सहायक आपूर्ति अधिकारी भानसिंह राय ने बताया कि उनकी टीम नर्मदा फिलिंग स्टेशन पहुंची, जहां पर शौचालय आदि की स्थिति तो ठीक थी, किंतु हवा भरने की मशीन बंद पाई गई। इस संबंध में कंपनी को पत्र लिखा जा रहा है। वहीं बीपीसीएल के खनूजा पेट्रोल पंप पर शौचालय तो है, किंतु उसमें जाने का रास्ता सुगम नहीं था, इसीलिए कंपनी को पत्र लिखा जाएगा। वहीं बरोठा स्थित बालाजी फ्यूल स्टेशन की भी जांच की गई, जहां पर सबकुछ ठीक पाया गया है।

### क्या है शासन के नियम

पेट्रोल पंप पर ग्राहकों के लिए शासन द्वारा कुछ आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य की गई है। जिसमें पहली 5 लीटर माप कैन होना चाहिए, जिससे पेट्रोल-डीजल की मात्रा की जांच हो सकी। दूसरी मूल्य डिस्प्ले बोर्ड जिस पर प्रतिदिन की दरें प्रदर्शित की जाए।तीसरी हर ग्राहक को ईधन भरवाने के बाद डिजिटल या प्रिंट किया हुआ बिल दिया जाए। चौथा प्रत्येक पेट्रोल पंप पर शिकायत रजिस्टर रखा जाए। पांचवां पीने के साफ पानी की व्यवस्था होना चाहिए। छठवां पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालय होना चाहिए। सातवां प्रत्येक पेट्रोल पंप पर वाहनों में हवा डालने की मशीन स्थापित होना चाहिए। आठवां प्रत्येक पेट्रोल पंप पर ईधन की गुणवत्ता जांचने के लिए फिल्टर पेपर उपलब्ध होना चाहिए। इसके अलावा फर्स्ट एड बॉक्स, फायर सेफ्टी उपकरण आदि की भी व्यवस्था होना चाहिए, किंतु अधिकांश पेट्रोल पंप पर नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

## सोनकच्छ में 400 साल से अधिक पुरानी सवारी निकली, बड़े साहब को कंधा देने से पहले लगी दौड़



**सोनकच्छ।** नगर में मालवा के प्रसिद्ध मोहर्रम पर्व पर जुलूस निकला। चमन बाजार से इमाम हुसैन की सवारी को कंधा देने बड़ी तादाद में हजारों जायरीन जमा हुए थे। तड़के फजर की नमाज के बाद चमन बाजार पर बड़े साहब के यहां जियारत का दौर शुरू हुआ। दोपहर पौने दो बजे एक आकाशीय गोला छोड़ा गया। यही वह संकेत था कि सवारियों को उठाने के लिए हुसैनी लश्कर दौड़ कर आने वाला है। रास्ता खाली कर दिया जाए। यहां 400 से अधिक साल पहले से सवारी निकल रही है। मालवा-निमाड़ में मशहूर इस जुलूस को देखने दूरदराज से लोग पहुंचे थे। तकिया स्थित इमामबाड़े से दोपहर दो बजे से दौड़ शुरू हुई। सभी समाज के युवा वर्ग ने भाग लिया। चमन बाजार स्थित हुसैनी चौक पहुंच कर फातिहा पढ़ी। सवारी कालीसिंध मार्ग से होकर कालीसिंध नदी स्थित अलावे पहुंचे। यहां फेरे की रस्म अदा की गई। जुलूस हाथीथान पहुंचा। जहां कांधा देने वाले जायरीनों के हाल छुड़ाए गए। सवारी को कांधा देते समय समाजजनों की आंखें छलक पड़ी। हाथीथान से फिर तमाम सवारियों को इकट्ठा कर जुलूस निकाला गया। इसमें ताजिये भी शामिल थे। जुलूस में धार्मिक अलम सहित तिरंगा लहराया जा रहा था। नगर के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सवारी जमीन से मात्र एक इंच उपर रही हो इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने फोटो वीडिओ लेने वालों के मोबाइल बंद करवाएं। यह दृश्य कब्रिस्तान के यहां घटित हुआ। सवारियों को देखने आए जायरीनों ने कहीं दीवार पर तो कहीं चार पहिया वाहनों पर खड़े होकर बड़े साहब का दीदार किया। बुजुर्गों की मानें तो बड़े साहब की सवारी करीब 400 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। जिसे देखने के लिए व मान-मन्नतों का दौर वर्षों से भारी भीड़ की शक्ल में यहां आता है। इस वर्ष बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के साथ अन्य समाजों ने जियारत की। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीओपी दीपा मांडवे, टीआई आशीषसिंह राजपूत के साथ बड़ी संख्या में दल बल मौजूद था।

## करंट लगने से दो वानरों की मौत, ग्रामीणों ने किया अंतिम संस्कार



**देवास।** ग्राम खटांबा में श्मशान घाट के पास रविवार को करंट लगने से दो वानरों की मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी मिली, उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों वानरों का अंतिम संस्कार किया। ग्रामीणों ने मृत वानरों के शवों को धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ लकड़ियों की चिता बनाकर अग्नि संस्कार दिया। इस कार्य में रविन्द्र सिंह राजपूत, लक्ष्मण सिंह राजपूत, कुलदीप दुबे, नितेश गुरु, दीपक दुबे और नेम सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस भावुक क्षण में गांववासियों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने मांग की है कि श्मशान घाट के आसपास बिजली की लाइनों को सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दु:खद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**एक नजर** श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर के चातुर्मास का नगर प्रवेश संपन्न

# संत परिश्रम करता है तो बदले में परिवर्तन आना चाहिये-साध्वी तत्वरसाजी



**देवास।** श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर चातुर्मास प्रवेश के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कलिकुंड के तीर्थ उद्धारक आचार्य राजेन्द्र सूरीश्वरजी एवं गच्छाधिपति राजशेखर सूरीश्वरजी तथा तत्वदर्शना श्रीजी म.सा. की सुशिष्या साध्वीजी श्री तत्वरसा श्रीजी, तत्वश्रेया श्रीजी, तत्वसम्प्रज्ञा श्रीजी, तत्वश्रमणा श्रीजी आदि ठाणा चार का चातुर्मास संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर साध्वीजी जितेशरत्ना श्रीजी साध्वी मंडल विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि 6 जुलाई रविवार को सुबह श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में सकल श्री संघ की नवकारशी के पश्चात मंडी धर्मशाला से चातुर्मास प्रवेश की अनेक आकर्षणो से सुसज्जित शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। साध्वीजी की अगवानी में समाजजनों द्वारा अक्षत एवं श्रीफल की गहुली बनाकर स्वागत किया गया । शोभा यात्रा में दिव्य राजेन्द्र घोष एवं एकादश पूजन द्रव्य लेकर चल रही बालिका मंडल आकर्षण का केन्द्र रही। 108 महिलाओं का समूह मस्तक पर मंगल कलश लेकर चल रहा था। सुसज्जित बग्घी में गुरूदेव का चित्र स्थापित किया गया था। पुरूष एवं महिला मंडल विशेष वेशभूषा में उपस्थित थे। इस अवसर पर पूज्य गुरूदेव के भारत भर में बसे हुए बड़ी संख्या में गुरू भक्तों का पदार्पण हुआ। राजस्थान, महाराष्ट्र, दक्षिण राज्य आदि प्रांत के उदयपुर, कोटा, सिंगोली, रतलाम, मुम्बई, चैन्नई, इंदौर, उज्जैन आदि स्थानों से गुरू भक्तों का आगमन हुआ।

काम्बली अर्पण एवं प्रथम गुरू पूजन गुरू देव के सांसारिक परिवार द्वारा किया गया। ग्रंथ समर्पण का लाभ नितेश पाडलेचा कोटा ने प्राप्त किया। स्वागत गीत सुलसा मंडल ने प्रस्तुत किया। भक्ति संगीत की प्रस्तुति विजय जैन, गौरव जैन भोमियाजी, मनीष जैन एवं अनूप जैन ने दी। स्वागत भाषण अशोक जैन मामा ने दिया। अतिथि सम्मान विलास चौधरी, राजेन्द्र जैन, भरत चौधरी, संतोष सेठिया, सुधीर जैन, राकेश तरवेचा, अजय मूणत, दीपक जैन, अतुल जैन, अंकित जैन, अनूप शेखावत, मनोज कटारिया ने किया। आभार शैलेन्द्र चौधरी ने माना।

इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए पूज्यश्री ने कहा कि अथक परिश्रम करके संत यदि हमारे जीवन में आते हैं तो बदले में परिवर्तन आवश्यक है। यदि जीवन परिवर्तित नहीं होता तो वह सार्थक जीवन नहीं बन सकता। परमात्मा एवं गुरू की आज्ञा पालन करने के लिये ही चातुर्मास का आयोजन किया जाता है। प्रभु ने हमें चार प्रकार के धर्म बताए हैं। दान, शील, तप और भाव। इन सभी में सर्वोच्च स्थान दान का है, जिस प्रकार सागर और सरिता दोनों के पास पानी है लेकिन सागर का पानी खारा और सरिता का पानी मीठा होता है। क्योंकि सागर संग्रहित करता है और सरिता बहते हुए जल को सभी को बांटती रहती है। इसी प्रकार जो देता है उसका जीवन भी निर्मल, मधुर एवं स्वच्छ बन जाता है।